NCC 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद (6/36 coy)

कैंप - एक भारत श्रेष्ठ भारत (राउरकेला उड़ीसा)

दिनांक 21/10/2023 से 3/11/2023 तक

नेशनल कैडेट कोर (NCC) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कैंप (शिविर) "एक भारत श्रेष्ठ भारत" का आयोजन उड़ीसा के राउरकेला में दिनांक 21/10/ 2023 से 3/11/2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के कैडेटों ने हिस्सा लिया। उनमें 36 झारखंड बटालियन के नेतृत्व में कंपनी नंबर 6/36 एनसीसी गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के दो छात्रों ने शिरकत किया। कैडेट रोहित कुमार, पिता- विक्रम यादव, रजिस्ट्रेशन नंबर- 306872/22 एवं कैडेट राजेंद्र मंडल, पिता- मैनेजर मंडल रजिस्ट्रेशन नंबर-306857/22 ने कैंप में ट्रेनिंग के दरमियान अनेक बाधाओं से जूझते हुए सफलतापूर्वक कैंप को पूर्ण किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय सिंह ने छात्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने दोनों कैडेट की सराहना करते हुए, इस गौरवान्वित क्षण पर असंख्य साधुवाद किया तथा जीवन में निरंतर ऐसी सफलताप्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने पूर्व में भी प्राप्त ऐसी कई सफलताओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कैडेटों का उत्साहवर्धन किया ताकि समाज को एक जिम्मेदार नागरिक प्राप्त हों।

NCC

पड़ाव वर्जित
NO PARKING

Estd. 1974

STATE TRAINING CENTRE, TANHRIL
Estd